दूसरी अभी भी लापता | मानव तस्करी रैकेट को लेकर पूर्व विधायक ने उठाए गंभीर सवाल

डेढ़ साल से लापता नाबालिग का दिल्ली से आया शव

मंडला। जिले के मोहगांव थाना क्षेत्र से मानव तस्करी और नाबालिग बच्चियों की प्रताड़ना का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। ग्राम मचला के पोषक गांव मिर्चा खेड़ा की दो नाबालिग बच्चियों को लगभग डेढ़ साल पहले मोहगांव ब्लाक की ममता बाई और उसके पति सुखचैन मसराम निवासी बोदा खैरी द्वारा दिल्ली ले जाया गया था। इनमें से एक बच्ची का शव 27 मई मंगलवार को दोपहर एम्बुलेंस से वापस लाया गया है, जबकि दूसरी बच्ची पिछले कई महीनों से लापता है और उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है।

यह घटना मानव तस्करी के एक बड़े रैकेट की ओर इशारा कर रही है। ममता बाई और सुखचैन मसराम कई वर्षों से लड़कियों की दलाली और सप्लाई का काम करते हैं। इन पर पूर्व में भी कई शिकायतें दर्ज होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।

मंडला के पूर्व विधायक और प्रदेश महासचिव कांग्रेस डॉ. अशोक मर्सकोले ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचित किया है।

> डॉ. मर्सकोले ने पुलिस प्रशासन और मेडिकल टीम से तत्काल जांच की मांग की है, क्योंकि यह मामला अत्यंत संवेदनशील और गंभीर है। उन्होंने बताया कि ममता बाई और सुखचैन मसराम खैरी गांव में कई वर्षों से रह रहे हैं और उनकी कई बार शिकायतें भी की गई हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही दूसरी लापता बच्ची की तलाश भी जारी है। फिलहाल इस घटना को लेकर लोग अनेक सवाल खड़े कर रहे हैं जबकि पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं।

तेज रफ्तार कंटेनर ने बाईक सवार को रौंदा

- हादसे में दो की मौत, चार वर्षीय बालक घायल
- नारायणगंज के ग्राम भावल के पास हुआ हादसा

मंडला 27 मई नभाप्र. नेशनल हाईवे 30 के नारायणगंज मंडला मार्ग पर ग्राम भावल के पास सड़क दुर्घटना में बाईक में जा रहे महिला, पुरूष की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ चार साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय मंडला उपचार के लिए ले जाया गया। वहीं दोनों मृतकों को पीएम के लिए नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। घटना की जानकारी टिकरिया पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही टिकरिया पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं हादसे के बाद करीब आधे घंटे हाईवे पर जाम लगा रहा।

बताया गया कि नारायणगंज भावल के पास जबलपुर की तरफ से रायपुर की तरफ तेज रफ्तार में जा रहे कंटेनर ने बाईक सवार गुजराज सिंह भारतीया पिता लामू सिंह भारतीया 33 वर्ष निवासी ग्राम लावर और अमरवती मरावी पिता गेंदा सिंह मरावी 50 वर्ष निवासी ग्राम लावर और चार वर्षीय अभय परते पिता मंगल सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। बाईक सवार गुजराज सिंह अभय और अमरवती जो उनकी रिश्तेदार थी, उनके साथ जबलपुर की तरफ पाठा चुटका ग्राम किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान यह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में मौके पर ही गुजराज और अमरवती की मौत हो गई। वहीं बच्चा अभय गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नारायणगंज स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के बाद मंडला जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। बताया गया कि गुजराज सिंह वनकर्मी था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कंटेनर तेज रफ्तार में जा मंडला की तरफ जा रहा था, वहीं बाईक सवार जबलपुर की तरफ जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक चला रहा गजराज सिंह और महिला बाईक से छिट गए और तेज रफ्तार में भागते कंटेनर ने दोनों को रौंदे हुए मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी तत्काल नारायणगंज टिकरिया पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जहां हादसे के बाद हाईवे में दोनों तरफ जाम लग गया। करीब आधे घंटे तक हाईवे में जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस के आते ही यातायात को सुचारू कराया गया।

पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपे

बताया गया कि घायल बच्चे को मंडला जिला चिकित्सालय उपचार के लिए तत्काल एम्बुलेंस की मदद से भेजा गया। वहीं दोनों मृतकों को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज भेजा गया। जहां सीएचसी नारायणगंज में पदस्थ डॉ. राजेश अहिरवार ने दोनों मृतकों का पीएम किया। जिसके बाद दोनों के शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

नारायणगंज में सिविल डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण

आपदा से निपटने की तैयारी एसडीईआरएफ मंडला टीम ने ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को किया प्रशिक्षित

नारायणगंज 27 मई नभाप्र. जनपद पंचायत नारायणगंज के सभा कक्ष में सिविल डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण एसडीईआरएफ मंडला की टीम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत से चयनित तीन-तीन प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना था। इस दौरान भूकंप, बाढ़, आगजनी, सड़क दुर्घटनाओं और युद्ध जैसी आपातकालीन स्थितियों में लोगों की मदद कैसे की जाए, इस पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को आपदा प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और घायलों को तत्काल सहायता प्रदान करने हेतु आपातकालीन उपकरणों के उपयोग संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 1079 और आगामी पोर्टल में पंजीकरण के संबंध में भी जानकारी दी गई। एसडीईआरएफ से हेमराज परस्ते और उनकी टीम ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। जनपद पंचायत नारायणगंज से सीईओ गौरीशंकर डेहरिया, बीपीओ रम्मू सिंह मरावी, और आकांक्षी ब्लॉक फेलो हेमंत चंद्रोल ने भी आपातकालीन स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत नारायणगंज के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

नर्मदा तट को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

मंडला 27 मई नभाप्र. नर्मदा तट के पावन माहिष्मती घाट पर प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर श्रमदान किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मां नर्मदा के तट को स्वच्छ और सुंदर बनाना साथ ही नदी में पॉलीथीन के प्रवाह को रोकना था। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने स्टाफ डैम से लेकर छोटे पुल तक नर्मदा किनारे फैली समस्त पॉलीथीन और अन्य कचरे को एकत्रित कर बाहर निकाला। इस दौरान आम जनता को घाट पर पूजा करने और नहाने के लिए अलग-अलग स्थानों का उपयोग करने के लिए भी समझाया गया। लोगों से साबुन, डिटर्जेंट और शैंपू का उपयोग करके नर्मदा में न नहाने की अपील की गई। इस दौरान सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शपथ ली कि वे हर महीने दो दिन जल सेना के रूप में सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाकर घाट को स्वच्छ रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, आम लोगों से अपील की गई कि वे नर्मदा तट पर डस्टबिन और अन्य पात्र उपलब्ध कराएं, जिससे घाट को हमेशा स्वच्छ रखा जा सके।

बिछिया में देवारण्य योजना के तहत तुलसी की व्यावसायिक खेती पर प्रशिक्षण

मंडला 27 मई नभाप्र. देवारण्य योजना के अंतर्गत तुलसी की व्यावसायिक खेती पर जिले के बिछिया स्थित आजीविका मिशन के प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य औषधि पादप बोर्ड भोपाल के दिशा-निर्देशन और आयुष विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य एक जिला एक औषधि-तुलसी पहल को बढ़ावा देना है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री आहाके ने बताया कि यह शासन की एक बहुउद्देशीय एवं महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका लक्ष्य तुलसी की व्यावसायिक खेती के माध्यम से किसानों का आर्थिक सुदृढीकरण करना है। शुरुआती चरण में मंडला जिले के चयनित विकासखंडों से कृषक उत्पादक संगठन और महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी कुल 60 किसानों को यह प्रशिक्षण दिया गया।

नौतपा के तीसरे उमस भरी गर्मी से बैचेन रहे लोग, दोपहर को बरसे मेघ

- तापमान में उतार-चढ़ाव जारी, देशी फ्रीज की मांग बढ़ी

मंडला 27 मई नभाप्र. जिले में नौतपा का तीसरा दिन भी सूरज के गरम तेवरों के साथ रहा, जिसने आम जनजीवन पर गहरा असर डाला है।

भीषण गर्मी और उमस से लोग बेहाल हैं, जिससे दिनचर्या प्रभावित हुई है। नौतपा में सूर्य देव की प्रंचड किरणों का प्रभाव तो लोगों नहीं पड़ रहा है, लेकिन उमस भरी गर्मी ने हाल बेहाल कर दिया है। उमस और गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं, जिसमें देशी फ्रीज की मांग में वृद्धि देखी जा रही है। इसकी ठंडक लोगों को कुछ हद तक राहत प्रदान कर रही है।जानकारी अनुसार मंगलवार 27 मई को जिले का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं एक दिन पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। तापमान में यह उठापटक जिलेवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, जिससे गर्मी और उमस दोनों ही अपने चरम पर हैं। बताया गया कि उमस भरी गर्मी के बीच दोपहर को लगभग पांच मिनट के लिए मेघ बरसे, जिसने कुछ पल की राहत तो दी, लेकिन उसके बाद बढ़ी उमस ने दिन भर जिलेवासियों को बेचैन रखा।

एक नजर में

एनएच 30 में हुआ आरटीओ उड़न-दस्ता व ट्रक चालक के बीच विवाद

भुआबिछिया 27 मई नभाप्र. मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में परिवहन चेक पोस्ट नाके बंद कर दिए गए। इसके बाद आरटीओ का उडन् दस्ता जांच कर रहा है। मंडला जिले की सीमा से लगे बालाघाट जिले के पांडुतला में हमेशा उडन् दस्ता की टीम मौजूद रहती है। जिसपर चालकों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है। रविवार को एक ट्रक चालक और आरटीओ के कर्मचारी के बीच विवाद हो गया। जिससे ट्रक चालकों ने जाम लगा दिया। हालांकि पुलिस के हस्ताक्षेप के बाद मामला शांत हो गया। चालक का आरोप था कि आरटीओ कर्मचारी ने उसका मोबाइल तोड़ दिया है। बाद में मोबाइल के लिए राशि भी चालक को दी गई। जिसके कारण पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। बताया गया कि भारी वाहनों को आरटीओ चेक पोस्ट पांडुतला में आरटीओ की टीम के साथ शामिल कथित सिविल ड्रेस में कुछ लोग वाहनों को रोक कर अनावश्यक रूप से राशि मांग रहे थे। विरोध करने पर चालक से मारपीट की और मोबाइल छीन कर तोड़ दिया।जिससे आक्रोश बढ़ गया। चालकों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। इस बीच भारी हुजूम उमड़ पड़ा। पुलिस मामला शांत कराया और हाईवे से जाम हटवाया।

इनका कहना

मामला संज्ञान में आया है। किसी भी पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बिछिया एसडीओपी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिवकुमार वर्मा,
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

नाबालिग से छेड़छाड़ और पीछा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नैनपुर 27 मई नभाप्र. जिले की नैनपुर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ गंदी नियत से छेड़छाड़ और लगातार पीछा करने वाले आरोपी को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ओमप्रकाश सिंह उर्फ डब्बू जेवार 39 वर्ष को मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे नैनपुर से दबोच कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। बताया गया कि घटना का खुलासा तब हुआ जब मंगलवार सुबह नैनपुर पुलिस को नैनपुर निवासी पीड़िता ने लिखित आवेदन पत्र दिया। पीड़िता ने बताया कि डब्बू जेवार पिछले लगभग एक वर्ष से उसे गंदी नियत से परेशान कर रहा था, लगातार पीछा कर रहा था और मना करने पर उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस डर के कारण पीड़िता इतने समय तक चुप रही, लेकिन अंततः साहस जुटाकर उसने अपनी आपबीती बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, नैनपुर पुलिस ने तत्काल आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

पैसा दोगुना करने वाले फ्रॉड का खुलासा, 9 लाख गंवाए

पुलिस ने जारी की चेतावनी, साइबर ठगों के झांसे में न आएं

मंडला 27 मई नभाप्र. मंडला जिले में पैसा दोगुना करने का लालच देकर की जा रही धोखाधड़ी का एक नया मामला सामने आया है। हाल ही में एक पीड़ित ने साइबर सेल मंडला में शिकायत दर्ज कराई। जिसमें बताया गया कि उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर ठगों ने 9 लाख का चूना लगाया है। मंडला पुलिस ने नागरिकों को ऐसी फर्जी योजनाओं से दूर रहने और सतर्क रहने की अपील की है।

पीड़ित ने साइबर सेल मंडला को बताया कि उसे वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी इन्वेस्टमेंट्स नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। इस ग्रुप के माध्यम से उसे पैसा दोगुना करने का लालच दिया गया। ठगों ने पीड़ित से जनवरी 2025 से अब तक लगभग नौ लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में जमा करा लिए। शुरुआती दौर में ठगों ने छोटी राशि वापस कर पीड़ित का भरोसा जीता, जिसके बाद बड़ी रकम ऐंठ ली गई। अब मंडला पुलिस और साइबर सेल इस मामले की जांच कर रही है। मंडला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रकार की जल्दी पैसा कमाने वाली स्कीमों से दूर रहें और किसी भी अज्ञात लिंक, नंबर या ग्रुप पर विश्वास न करें। मंडला पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के

कलेक्टर का मार्गदर्शन | 17 बच्चों में से 11 का हो चुका था उपचार, अब 4 और बच्चों को मिला जीवनदान

तीन बच्चों को मिली रोशनी,एक की सर्जरी सोमवार को

मंडला 27 मई नभाप्र. जिला कलेक्टर के दूरदर्शी मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मिशन नेत्र ज्योति के तहत मंडला जिले में मोतियाबिंद से ग्रसित बच्चों को नई रोशनी देने का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। इस मिशन के अंतर्गत कुल 17 बच्चों को मोतियाबिंद से ग्रसित चिह्नित किया गया था, जिनमें से 11 बच्चों का उपचार 19 मई को पहले ही किया जा चुका था। मंगलवार को शेष बच्चों के उपचार के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 9 बच्चों को आरबीएसके टीम द्वारा लाया गया।

बताया गया कि शिविर में 4 बच्चों को सर्जरी के लिए चयनित कर जिला चिकित्सालय मंडला के वार्ड नंबर 52 में भर्ती कर लिया गया था। इनमें से तीन बच्चों की मोतियाबिंद की सर्जरी मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। बताया गया कि एक बच्ची के उपचार के दौरान अस्थिर होने के कारण उसकी सर्जरी सोमवार को एनेस्थीसिया के माध्यम से की जाएगी। इन सभी बच्चों का ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहिरवाल द्वारा किया गया। बताया गया कि जिन बच्चों की सर्जरी हुई है, उनमें संजना परस्ते पिता माते सिंह परस्ते 9 वर्ष ग्राम बढ़वार, श्रवण परस्ते पिता माते परस्ते 12 वर्ष ग्राम बढ़वार और अंशिका भंवरे पिता जगत 11 वर्ष ग्राम हीरापुर शामिल हैं। इन सभी बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया और सभी बच्चे स्वस्थ हैं। यह निःशुल्क ऑपरेशन इन बच्चों और उनके परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि मोतियाबिंद के कारण उनकी शिक्षा और सामान्य जीवन पर गंभीर प्रभाव पड रहा था।

> शिविर के दौरान सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते, सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहिरवाल, आरबीएसके प्रबंधक अर्जुन सिंह, आरबीएसके डॉक्टर, एएनएम, संजय भोयर के साथ आईओपीडी, ओटी के स्टाफ उपस्थित रहे।

हेल्पलाईन-9713644800

प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट एवं मनोचिकित्सक अब कटरा हॉस्पिटल में
डॉ. प्रतिपाल राजपाली
एम.बी.बी.एस. एम.डी. (रेडियो-डायग्नोसिस)
कंसल्टेंट रेडियोलॉजिस्ट रजि नं.- एम.पी.10680
मनोचिकित्सक हर महीने के तीसरे रविवार को प्रातः 11 बजे से दोप. 3 बजे तक
डॉ. रजनी चटर्जी
एम.डी. (फिजिक्ट्री)
मनोचिकित्सक
भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल
रजि नं.- एम.पी. 7908
- गर्भावस्था से संबंधित सभी प्रकार की सोनोग्राफी (ऐनोमली डॉप्लर सहित)
- पेट एवं गर्भाशय से संबंधित सोनोग्राफी
- गर्दन, छाती, ब्रेस्ट, लिंग, आँखों से संबंधित सोनोग्राफी
- सभी प्रकार की डॉप्लर सोनोग्राफी, शरीर में कहीं भी सूजन, गाँठ या इंफेक्शन से संबंधित
- शरीर के सारे ज्वाइंट की सोनोग्राफी, छाती में पेट से पानी निकालने की सुविधा
पता- जबलपुर रोड, कटरा मंडला (म.प्र.)- 9424632443

Kingfisher
Special Wedding Pakages
We Make Your Wedding Memorable
₹ 8,51,000*
- 30 कॉटेज+ लॉन + हॉल (दो दिन)
- 100 लोगों के लिए लंच एवं डिनर (पहले दिन)
- 100 लोगों के लिए ब्रेकफास्ट/लंच(दूसरे दिन)
- इवनिंग टी काउंटर (2 घंटे 100 लोगों के लिए)
- 250 लोगों के लिए डिनर (रिसेप्शन नाईट)
- डेकोरेशन (फ्लॉवर, गेट, स्टेज, मंडप)
- जनरेटर एवं टी.सी. कनेक्शन
₹ 5,21,000*
- 15 हॉटल रूम + हॉल + लॉन
- 300 लोगों के लिए लंच एवं डिनर
- 50 लोगों के लिए ब्रेकफास्ट (1 बार)
- 50 लोगों के लिए लंच (1 बार)
- डेकोरेशन (फ्लॉवर, गेट, स्टेज, मंडप)
- इवनिंग टी काउंटर (दो घंटे 100 लोगों के लिए)
9926938111, 8982262511, 9926203111, 9589397222 रायपुर रोड़, पौंड़ी महाराजपुर, मण्डला (म.प्र.)

ऑखों का अस्पताल MKऑप्टिकल्स शोरूम
मनोज परते
ऑप्टोमेट्रिस्ट (नेत्र सहायक)
- कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जाँच, चश्मे का नम्बर
- मोतियाबिंद की जाँच एवं ऑपरेशन
- आँखों से संबंधित सभी रोगों का ईलाज
- पावर, धूप व फैंसी चश्में बनाये जाते है
डॉ. अरूण वर्मा
त्वचा, चर्म रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ
पूरे शरीर में खुजली, चेहरे के दाग, गडढ़े का ईलाज एवं त्वचा का कालापन। मुंहासे/मुंहासे के दाग, चेहरे की झाईयां, दाग, दाद, मसा, सिहुआ, सफेद दाग आदि का ईलाज, बालों का झड़ना, गंजापन, बाल सफेद होना व रूसी आदि का ईलाज।
15 मई गुरूवार, 5 जून गुरूवार व 19 जून गुरूवार को प्रातः 11 से 3 बजे तक उपलब्ध रहेगें
जनपद पंचायत कॉम्पलेक्स, शॉप नं. 2 बिंझिया तिराहा, मण्डला Mob.8085143049

शादियों के इस सीजन में हम लेकर आयें खुशियों का ऑफर...
मात्र 1,60,000/- में 500 व्यक्तियों का रिसेप्शन (डिनर)
पैकेज के साथ बारात स्वागत वेटर, स्टॉल चौपाटी, स्वीट्स (संपूर्ण भोजन व्यवस्था)
मात्र 2,40,000/- में 1000 व्यक्तियों का रिसेप्शन (डिनर)
इवेंट, डेकोरेशन, लॉन व अन्य सुविधाएँ अलग से
श्री ॐ केटर्स
शादी,पार्टी,जन्मदिन एवं अन्य सुअवसरों पर इवेंट एवं केटरिंग के आर्डर संपूर्ण व्यवस्था के साथ लिये जाते है.
सुरेन्द्र साहू, मयंक साहू
हमारा पता- श्री ओम रेस्टॉरेन्ट सेन्ट्रल बैंक के पास बिंझिया, मण्डला 9424713823, 7354741218